हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

15 केएम स्कूल के वार्षिक खेलकूद महोत्सव...



16 सौगात मिली, विकास हुआ फिर भी बदहाल...



## खबर संक्षेप

### नव वर्ष के पावन अवसर पर सत्संग एक को

**भिवानी।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कवर साहेब आगामी नववर्ष के पावन अवसर पर एक जनवरी को भिवानी के रोहतक रोड स्थित राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं प्रवचन देंगे। राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि की हर वर्ष की भांति नए वर्ष पर गुरु संगत को सत्संग देते हैं, इससे पहले 31 दिसंबर को सेवादारों का सत्संग भी होगा ।

### महाराजा शूरसैन सैनी जयंती समारोह आज

**चरखी दादरी।** महाराजा शूरसैन सैनी जयंती का आयोजन 31 दिसंबर को किया जाएगा। समारोह को सैनी कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। इस विषय में लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। सैनी सभा प्रधान जगमाल सैनी ने बताया कि समारोह को वार्ड 13 मोहल्ला सैनी गंज स्थित सैनी धर्मशाला परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### कृषि यंत्रों के लिए आवेदन 15 जनवरी तक करें

**चरखी दादरी।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से अहम कदम उठाया गया है। अब अनुदान पर दिए जाने वाले उपकरणों की श्रेणी में नए आधुनिक उपकरणों को शामिल कर लिया गया और किसानों से कुल 32 प्रकार के उपकरणों के लिए आवेदन मांगे गए। इच्छुक किसान 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त कौर ने बताया कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है।



**बहल।** सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा दिए गए टैंकर के साथ बिधनोई के लोग।

### बिधनोई में सांसद के कोटे से टेंकर दिए

**बहल।** बिधनोई गांव में हिसार के सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा पानी का टैंकर दिया गया है। शनिवार को सांसद द्वारा टैंकर ग्रामीणों को भेंट किया गया। ग्रामीणों ने सासद द्वारा गांव के लोगों की सहूलियत के लिए दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया है। युवा शक्ति हलका अध्यक्ष रविन्द्र कटारिया ने बताया कि गांव बिधनोई में पानी के टैकर की पिछले काफी दिनों से जरूरत महसूस की जा रही थी।

### परेड में ट्रैक्टरों के साथ शामिल होंगे किसान

**तोशाम।** संयुक्त किसान मोर्चा का विशेष घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के गांव बागनवाला से अनेक किसान गणतंत्र दिवस पर परेड में दर्जनों ट्रैक्टरों के साथ शामिल होंगे। जिसको लेकर शनिवार को गांव बागनवाला में गांव कमेटी की एक बैठक जिला सहसचिव इंदर सिंह फौजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

### लड्डू बांटकर प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

**भिवानी।** देश के महापुरुषों की जीवनगाथा से युवा पीढ़ी को रूबरू करवाना बहुत जरूरी है, क्योंकि देश के महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलकर स्वर्णिम भविष्य की नींव रखी जा सकती है। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार ने अयोध्या धाम में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया। जिसके बाद भिवानी के वाल्मीकि समाज में खुशी का माहौल है तथा उन्होंने शनिवार को महर्षि वाल्मीकि चौक पर लड्डू बांटकर खुशी जताई।

# एनएचएम के डॉक्टरों ने की ओपीडी सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

## सीएमओ बोले : सभी चिकित्सक ड्रेस में आए, मरीजों की संख्या कम रही

शनिवार को भी सामान्य अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। इस दौरान कुछ चिकित्सक तो डयूटी पर आए, लेकिन कुछ हड़ताल पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** ओपीडी में मरीजों की जांच करते सीएमओ रघुबीर सिंह शांडिल्य।

शनिवार को भिवानी के सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल का ज्यादा असर नजर नहीं आया। चूंकि एनएमएच के तहत नियुक्त चिकित्सकों ने मरीजों की ओपीडी में जांच की और उनको दवाइयां भी दी। हालांकि अन्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या भी कम थी,लेकिन शनिवार को कोई भी मरीज इलाज के बिना वापस नहीं गया।

दूसरी तरफ हड़ताल के चलते सीएमओ ने ओपीडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ओपीडी में एनएमएच या स्थाई नियुक्ति वाले चिकित्सक तैनात मिले। इस दौरान सीएमओ ने सभी चिकित्सकों को ड्रेस में आने की हिदायत दी।

शनिवार को भी सामान्य अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। इस दौरान कुछ चिकित्सक तो ड्यूटी पर आए, लेकिन कुछ हड़ताल पर रहे। हड़ताल पर रहे चिकित्सकों की जगह एनएमएच के तहत नियुक्त चिकित्सकों ने ओपीडी में विभाग में पहुंचकर मरीजों की जांच की और उनका इलाज किया। उक्त चिकित्सकों का ओपीडी में कार्य दोपहर बाद तक चलता रहा। शनिवार होने की वजह से मरीजों की संख्या भी कम ही रही। जो मरीज इलाज के लिए पहुंचा। चिकित्सकों ने उसकी जल्द जांच करके ही उपचार किया।

शनिवार को सीएमओ रघुबीर शांडिल्य ने सामान्य अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी की जांच की। जांच के दौरान सभी ओपीडी में चिकित्सक तैनात मिले।

उन्होंने चिकित्सकों व मरीजों से बातचीत भी की। इस दौरान सीएमओ ने चिकित्सकों को ड्रेस में आने की हिदायत दी। चूंकि चिकित्सक के ड्रेस में होने के बाद उसकी अलग से ही पहचान होती है। तय समय तक ओपीडी करने के निर्देश दिए। दूसरी तरफ एक ओपीडी में एक चिकित्सक की कुर्सी खाली थी। वहां पर कुछ मरीज भी खड़े थे। सीएमओ उस कुर्सी पर बैठ गए और मरीजों की जांच करने लगे। करीब दो घंटे तक सीएमओ ने मरीजों की जांच की।

### स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को बुलाया है

सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि चिकित्सकों की हड़ताल का भिवानी में ज्यादा असर नहीं है। शनिवार को उन्होंने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकांश चिकित्सक तैनात मिले। जो चिकित्सक नहीं आए। उनकी जगह एनएमएच के तहत नियुक्त चिकित्सकों को तैनात किया गया था। ताकि इलाज करवाने आए लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न उठानी पड़े। साथ ही उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चिकित्सकों की स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई बातचीत सकारात्मक रही। अब उनको सोमवार को बुलाया गया है। सोमवार को अधिकांश मांगों पर सहमति बनने की उम्मीद है। चूंकि सरकार व स्वास्थ्य विभाग चिकित्सकों की मांगों पर पॉजिटिव है। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने बताया कि पूरे भारत में कोविड के केस सामने आ रहे है इसलिए हम सब का यह दायित्व बनता है कि हम सभी शुरू से ही सावधानी बरतें तथा सभी डाक्टरों को यह आदेश दिए गये है कि जो भी अधिक बीमार मरीज आता है तो उसका कोविड का टैस्ट अवश्य करवायें जिसके चलते विभाग द्वारा जिला भिवानी में मरीजों को परेशानी ना हो पूरी तैयारी की हुई है अगर कोविड आता है तो हमारा शुरू से ही यह प्रयास रहेगा कि किसी भी कोविड मरीज को कोई भी परेशानी ना हो।

# नौकरी लगवाने के नाम से लाखों की धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी।

दादरी पुलिस ने नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी की पहचान यमुनानगर निवासी रविकांत के रुप में हुई है। ज्ञात रहे कि गांव फतेहगढ़ निवासी सेना के जवान राजकपूर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पंजाब के डेराबसी निवासी निर्मल सिंह मेरे साथ नौकरी करता था, जिसमें मुझे कई बार बच्चों को सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही।

### लिए थे 35 लाख रुपये

पीड़ित ने बताया कि एक दिन निर्मल सिंह व उसका दोस्त मेरे घर आए थे। उन दोनों ने मुझे मेरे भांजे को हरियाणा पुलिस व भतीजे को एचएससीसी में क्लर्क लगवाने का झांसा दिया। मैं उनकी बातों में आ गया, उनको 35 लाख रुपये दे दिए। हरियाणा पुलिस व एचएसएससी क्लर्क का रिजल्ट आया, जिसमें मेरे भांजे व भतीजे का नाम नहीं आया। जब मैंने रुपये मांगें तो उन्होंने दो चैक दिए, लेकिन खाते में पैसे नहीं थे। इसके बाद भी बार बार रुपये मांगने पर नहीं दिए। मामले में पुलिस ने 20 दिसंबर को मोहाली निवासी निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को रविकांत को भी गिरफ्तार किया।

### तीन युवकों को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा



**चरखी दादरी।** बीती रात पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। बीती रात एएसआई मंजीत को सूचना मिली कि दिल्ली रोड पर समसपुर गांव के समीप तीन युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दबिश दी तो समसपुर के समीप बाइक सवार तीन युवक खड़े थे, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। उक्त युवकों के पास 51 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान मकड़ाना निवासी अमित, बाल्मीकि बस्ती अंकित व गामड़ी मोहल्ला निवासी अमित के रूप में हुई है।

# रंग भरो में अनामिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ ब्लूमिंग बड्स कान्वेंट स्कूल के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

ब्लूमिंग बड्स कान्वेंट स्कूल में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया। प्रतियोगिता को तीन स्तर पर आयोजित किया था, जिसमें कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विभिन्न स्कूलों से आए लगभग 700 छात्रों ने भाग लिया।

कक्षा प्रथम व द्वितीय के छात्रों को ग्रुप ए-की श्रेणी में रखा, जिसमें बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता में भाग लिया, इसमें प्रथम स्थान अनामिका, द्वितीय अक्षरा व तृतीय स्थान हिमांशु ने प्राप्त किया। ग्रुप-बी में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुणाल, द्वितीय सचित व तृतीय स्थान आरुषि ने जीता। ग्रुप-सी में छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने चित्रकला में प्रथम खुशबू, द्वितीय प्राची व तृतीय स्थान ने प्राप्त किया। प्रत्येक ग्रुप में से 10-10 अन्य विद्यार्थियों को इनाम दिया। सेठ अजुध्या प्रसाद मोती राम एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक प्रथम छात्र को जूसर मिक्सर ग्राइंडर, द्वितीय को इंडक्शन कुकर व तृतीय छात्र को हॉट कोल्ड 15 लीटर कैंपर दिया गया। 30 अन्य छात्रों को स्टडी टेबल वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक रमेश चंद्पुणी वाला ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निर्देशक अजय गुप्ता, स्कूल की प्राचार्या रेनू गुप्ता ने की। निर्णायक मंडल में हरियाणा राजकीय विद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य जगमोहन वशिष्ठ शामिल थे।

### खुशियों की दीवार पर 50 कंबल किए भेंट

**लोहारू।** डाकघर पोस्ट मास्टर नितिन वालिया ने कहा कि प्रयास कोशिश सामाजिक संगठन द्वार प्रतिवर्ष लगाई जाने वाली खुशियों की दीवार जरूरतमंदों का सहयोग ही नही करती बल्कि उन्हें संबल भी प्रदान करती है। नितिन वालिया का कार्यक्रम में पहुंचने पर संगठन सदस्यों ने स्वागत किया। वालिया ने कहा कि ऐसे परोपकारपूर्ण कार्य के लिए प्रत्येक सामाजिक संगठन और सामाजिक व्यक्ति को तत्पर रहना चाहिए। लेखा अधिकारी जितेंद्र गागड़वास ने खुशियों की दीवार पर 50 कम्बल जरूरतमंदो को भेंट किए। जितेंद्र गागड़वास और बिजली निगम के धर्मेंद्र धनखड़ ने समाज हित के कार्य करने का आह्वान किया।

# विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** नेटबॉल के विजेताओं को सम्मानित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

भिवानी के बेटे व बेटियों द्वारा खेल के क्षेत्र में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने की बदौलत भिवानी को खेल नगरी के नाम से जाना जाता है, यहां के खिलाड़ी समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भिवानी का नाम रोशन करते है। खेल के मामले में उपलब्धि दिलाने में गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल के विद्यार्थी तरूण परमार व पायल परमार का नाम भी जुड़ गया है, जिन्होंने राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। स्वर्ण पदक विजेताओं का शनिवार को गांव में पहुंचने पर खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत किया।

ग्रामीणों ने नोटों व फूलों की माला से खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्राचार्य बजरंग तंवर व संचालिका रेणुका ने बताया कि झारखंड में लड़कों की दूसरी सब जूनियर फास्ट फाइव चैंपियनशिप में तरूण परमार एवं लड़कियों की 29वी सब जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में पायल परमार ने हरियाणा की टीम की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जिले के बेटे-बेटियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर खाप ऋषिपाल सिंह, खाप सदस्य धर्मपाल संह, राजू पाना के सरपंच रमेश सिंह, खाप सदस्य हरबीर सिंह, अधिवक्ता रत्नसिंह, नफेसिंह व पवन आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।



**भिवानी।** संकल्प यात्रा के दौरान स्टॉलों पर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कई गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों ने किया स्वागत, स्टाल लगा दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

■ जिला परिषद की वाइस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा बोली, लोगों को घर बैठे मिल रही सुविधाएं

जिला परिषद की वाइस चेयरमैन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैए ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके।

देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। गांव फरटिया तालएढाणी रहीमपुरएअहमदवास खेड़ा व ढाणी ढोला में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करस रही थी।सुनीता जांगड़ा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्त्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प.विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्त्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशन धारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। इस मौके पर स्टाल लगाकर परिवार पहचान पत्रए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना.चिरायु हरियाणा, मुद्रा योजना,स्वच्छता, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, उड़ान योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को किया सम्मानित



**भिवानी।** गत वर्ष की भांति एससीईआरटी गुरुग्राम द्वारा संचालित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जिला परियोजना पर्यवेक्षक ज्ञानेंद्र नेहरा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्यतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता, मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य में रीमा भानगढ़ प्रथम, यातायात एवं संचार में विक्रम, खुशबू प्रथम, विज्ञान मॉडल जीवन शैली विषय में स्नेहा प्रथम, कक्षा 6 से 8 की प्रतियोगिता में संचार एवं यातायात में सुमित प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रीमा, विक्रम, खुशबू, स्नेहा, सुमित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला का नेतृत्व करेंगे। गत वर्ष शिवम स्कूल की प्रिया, मुकेश व साक्षी, जगबीर मलवास प्रतियोगिता में हरियाणा में प्रथम रहे थे।

# बहल पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

■ पार्षद रविंद्र मंढोली लोगों को विकसित भारत में योगदान देने के लिए संकल्प शपथ भी दिलवाई

केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों का जन जन तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गोपालवास, मंढोली कलां, सिधनवा व हरियावास गांव में पहुंची। इस दौरान स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया व विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों पर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व जिला पार्षद रविंद्र मंढोली मुख्यातिथि रहे। उन्होंने लोगों को विकसित भारत में अपना योगदान देने के लिए संकल्प शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ योजनाओं के आवेदन भी लिए गए।

## बिजणा से झोझु कलां और पातुवास से सेहलंगा तक होगा निर्माण

# 7.25 करोड़ की लागत से सड़क होगी चकाचक

**विकास**

■ जिले की तीन सड़कों के नवनिर्माण के लिए 8 .53 करोड़ रुपये जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिले की तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों का 8.53 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा। हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जारी किए गए 8.53 करोड़ रुपये से गांव बिजणा से झोझु कलां और गांव पातुवास से सेहलंगा तक सड़क पुनर्निर्माण करवाया जाएगा।

वहीं गांव पिचौपा खुर्द से पिचौपा कलां कच्चे रास्ते पर सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इन तीनों सड़कों के हालात बहुत खराब थी। ग्रामीण लंबे समय से इन सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग करते आ रहे थे। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने विधायक नैना चौटाला इन सड़कों के पुनर्निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाने की मांग उनके सामने रखी थी। विधायक नैना सिंह ने बताया कि



■ ग्रामीणों व सैंकड़ों क्रेशर संचालकों को मिलेगी राहत, होगा लाभ

गांववासियों की जायज मांग को जल्द पूरा करवाने के लिए गत विधानसभा सत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक बजट जारी करने की मांग की गई थी।

**सड़कों की कायाकल्प के लिए राशि जारी :** विधायक नैना ने बताया कि प्रदेश सरकार ने उनके माध्यम से रखी ग्रामीणों की मांग को तत्परता से पूरा करवाते के लिए 8 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गांव बिजणा से झोझु सड़क मार्ग पर सैंकड़ों की संख्या में क्रेशर जोन भी स्थापित है। सड़क मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण जहां ग्रामीणों को तो आवागमन में भारी दिक्कत आती थी, साथ ही साथ क्रेशर संचालकों को भी आर्थिक हानि उठानी पड़ रही थी। विधायक चौटाला ने बताया कि स्वीकृत बजट से गांव बिजणा से झोझू तक आरसीसी सड़क का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे भारी वाहनों आवागमन से भी कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने कहा की हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा तीनों सड़क मार्गों का निर्माण जल्द करवाने के लिए टेंडर प्रकिया शुरू कर दी हैं।

# सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

## हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

## कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।


## किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

## इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।



## अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

## दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

## अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

## घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

## नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



**प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा**

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

*"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



## ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

## ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

## यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

## बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

## सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

## यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

## कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

## फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

**म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड**

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

## कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



## इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

## पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

## इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**भिवानी।** राजकीय कन्या वमावि खरक कलां के प्रांगण में प्राचार्या डॉ. रीमा परमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आत्म निर्भर भारत थीम पर आधारित सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। प्रांतरू कालीक सभा में सभी स्वयं सेविकाओ ने योग व लक्ष्य गीत के साथ आज के बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की।

### बीआरसीएम में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**बहल।** बीआरसीएम पब्लिक स्कूल शिशुकुंज में विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढचढ कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में रमन वर्ग के विद्यार्थी अव्वल रहे। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता को चार भागों में विभाजित किया गया था। इनमें चार वर्ग रमन, कलाम, भाभा व साराभाई शामिल रहे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रोजगार बढ़ाएं

**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा ने कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के विशेषज्ञ के रूप में केसीएम आर्मी पब्लिक स्कूल की निदेशक सुषमा शर्मा ने शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत प्रकोष्ठ प्रभारी रुचि गर्ग ने की।

### देवराला में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बहल।** देवराला गांव निवासी आर्य रत्न रतिराम शर्मा व बहल युवा एकता संगठन के पदाधिकारी रहे स्व. गौतम महमिया की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक महिला व 62 पुरूषों सहित 63 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन कैंसर पीड़ित लोगों की मदद के लिए आयोजित किया।

### खुशियों की दीवार ने वितरित किए गर्म वस्त्र

**चरखी दादरी।** खुशियों की दीवार द्वारा मोबाइल सेवा तहत जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र व अन्य सामान मुहैया करवाया जा रहा है। संजय रामफल ने बताया कि खुशियों की दीवार स्थापित करने का लक्ष्य ही जरूरतमंद लोगों की सेवा करना था। आज दादरी जिले की जनता का भारी सहयोग मिल रहा है। लोग दीवार पर घर से सामान रखे जाते हैं, उसी समान को निःशुल्क जरूरतमंद लोगों को प्रदान किया जाता है।

### प्रतियोगिता के विजेताओं एसपी ने किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेडा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को तालू गांव में हुई प्रतियोगिता में अव्वल स्थान हासिल करने पर भिवानी में पुलिस कप्तान वरुण सिंगला द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में कक्षा दसवीं से जयंत, देवांशी, कीर्ति, नौवी से शिवम्-आदि का विद्यालय में इन सभी बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया।

### विद्यार्थियों को शिक्षा को लेकर किया जागरूक

**भिवानी।** सेवा भारती द्वारा समर्थ किशोरी विकास कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती फूला देवी कन्या वमा विद्यालय में आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्राएं उपस्थित रही। छात्राओं को डॉ. राजबाला ने स्वास्थ्य, मंजू देवी ने योग व शारीरिक क्रिया, रेखा गुप्ता ने पर्यावरण, अधिवक्ता सुनील कुमारी ने साइबर क्राइम व रचना शुक्ला ने समर्थ किशोरी विकास पर छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के पदाधिकारियों, प्राचार्य मुरारीलाल शर्मा व अतिथिगणों ने भारत माता के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके किया। मनोहर लाल ने सेवा भारती के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### प्राचार्या रेनू सैनी ने किया अतिथियों का स्वागत

# केएम स्कूल के वार्षिक खेलकूद महोत्सव में बच्चों ने किया धमाल

**चौथी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पीटी, डम्बल, लेजियम आदि में शानदार प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज भिवानी

शनिवार को सेठ किरोड़ीमल चैरिटी ट्रस्ट, रायगढ़ द्वारा संचालित केएम पब्लिक स्कूल भिवानी में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीपक बाबूलाल करवा आईएएस उप.जिला अधिकारी भिवानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीतू घनघस ; गोल्ड मेडलिस्ट, विश्व महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप ने शिरकत की।

मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया एवं प्राचार्या रेनू सैनी के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथियों, विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी,उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा द्वारा माँ सरस्वती एवं सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों ने खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ ग्रहण की। इसके बाद मार्चपास्ट किया गया। विद्यालय की कक्षा चैथी से आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा पीटी, डम्बल, लेजियम एवं योगा का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।



भिवानी। प्रतियोगिता में एक टांग की दौड़ में भाग लेती शिक्षिका।



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

#### विजेताओं को किया सम्मानित

विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे.नी रेस,ड्रिंकिंग जूस रेस, पिकिंग ऑब्जेक्टस रेस, जंपिंग रेस, बनाना रेस, वन.लेग रेस, थ्री लेग रेस , स्लो साइकिलिंग रेस, मार्बल.स्पून रेस, बोतल बॉल रेस, सुई व मोती रेस, कैरिंग रेस, फ्रॉग रेस, कैंडी रेस,100 मीटर रेस, बैक रेस,कप एंड बॉल बैलेंस रेस, बैलून बैलेंस रेस, चेयर सीटिंग रेस,ड्रेस अप रेस, जंपिंग ओवर रेस, सैक रेस, मटका दौड़ तथा रस्सी.कूद दौड़ का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो.खोए रस्साकशी एवं म्यूजिकल चेयर रेस का भी आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय में अभिभावकों के लिए भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों के माता.पिता ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा खेलों का आनंद उठाया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अभिभावकों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### शिक्षा के साथ खेलों को भी दें महत्व

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जितना शिक्षा का छात्र जीवन में महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसीलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ.साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहाँ उन्हें सेहत प्रदान करते हैं,वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। विद्यालय प्रबंधक तथा प्राचार्या ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने पर आभार प्रकट किया एवं विद्यालय की तरफ से स्मृति चिह्न प्रदान किए गए । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा सभी को बधाई दी । विद्यालय प्राचार्या ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक सुनीता नेहरा, आरती शर्मा, प्रमोद व सभी अध्यापकगण और विद्यार्थियों की भूरी.भूरी प्रशंसा की। मंच का सफल संचालन सारिका पंडित एवं रेखा श्योराण के द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोडा तथा कानूनी सलाहकार जितेंद्र गोयल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों व शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं।





भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### हलवासिया विद्या विहार में क्विज का आयोजन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में परिवर्तन मंच की ओर से सामाजिक विज्ञान विषय पर आधारित इंटर डिसीप्लिनरी प्रोजेक्ट के तहत क्विज का आयोजन किया। क्विज में बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, सुभाषचंद्र बोस व भगतसिंह टीमों की प्रतिभागिता रही। कक्षा 9वीं व 12वीं से 12 छात्र हिमांशु, अक्षिता, अभिनव वशिष्ठ, चेतना,उत्कर्ष ,कुमारी गुंजन, मुस्कान यादव, हनी, मन्नत शर्मा, तन्वी, हार्दिक व कनिष्का आदि छात्रों ने भाग लिया। क्विज चार राउंड में रही। टीम बाल गंगाधर (अक्षिता, हिमांशु, हनी) ने प्रथम, टीम भगत सिंह (कनिष्क, हार्दिक, चेतना) ने द्वितीय, टीम नेताजी सुभाषचंद्र बोस (मन्नत शर्मा, तन्वी, कुमारी गुंजन) ने तृतीय तथा टीम लाला लाजपत राय (अभिनव, मुस्कान, उत्कर्ष) ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं संस्कृत में अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें छात्रा ईशु, पुलकिता, प्रमोद, मिताली व मोनिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए 36 विद्यार्थियों को टिबड़ेवाल सभागार में पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रशासक दीवानचंद रहेजा व प्राचार्य विमलेश आर्य ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अलेक्जेंडर दास, राजेंद्र नरूला, अमरेंद्र, आचार्या सुमन, किरण, अनुराजा, सारिका अरोड़ा, आचार्य सूरजभान लांबा, सुभाष आदि उपस्थित रहे।

### पंचायतों को भेंट किए पानी के टैंकर

**भिवानी।** ग्रामीणों को पेयजल संबंधी समस्या से निजात दिलाने के लिए हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र सिंह ने शनिवार को गांव मुंढ़ाल खुर्द व गांव बिधनाई की पंचायत को पानी के टैंकर भेंट किए। सांसद की तरफ से उनके प्रवक्त अशोक सिवाच ने दोनों पंचायतों को पानी के टैंकर सौंपे। सिवाच ने कहा कि सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा अब तक करीबन 150 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर तथा करीबन 80 पंचायतों को ओपन जिम की सौगात दे चुके है। उन्होंने कहा कि भूमिगत जलस्तर निरंतर गिरता जा रहा है, जिसके चलते पेयजल एक गंभीर समस्या बन रही है, ऐसे में हर घर जल पहुंचाना सांसद बृजेंद्र की योजना है। सिवाच ने कहा कि जल ही जवीन है, इस नजरिए से सांसद बृजेंद्र सिंह प्रयासरत्त है कि हर घर में स्वच्छ पीने का पानी पहुंचे।



चरखी दादरी। विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि।

## पत्रकारों के मान्यता नियमों में दी जाए ढील

- हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग भिवानी में संपन्न
- पत्रकारों की एग्रीडेशन, पेंशन, रेलवे पास, चिकित्सा सुविधा, हाऊसिंग सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई गहनता से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस की एक राज्य स्तरीय मीटिंग का आयोजन भिवानी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में किया गया। जिसमें यूनियन के डेलीगेट व भिवानी जिला के पत्रकारों ने हिस्सा लेकर पत्रकारों की समस्याओं व भविष्य की रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस के प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को अधिक से अधिक सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मान्यता के नियमों में सरलीकरण के लिए सरकार को लिखा जाएगा व शीघ्र ही यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलेगा।

हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अजय मल्होत्रा, एसोसिएशन के महासचिव इंद्रवेश दुहन व जिला प्रधान अजय सैनी ने कार्यक्त्रम का संचालन करते हुए अन्य जिलों से आए पत्रकारों का स्वागत करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की। इस मौके पर राज्य स्तरीय बैठक में पत्रकारों के लिए एग्रीडेशन पॉलिसी के सरलीकरणए गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मान्यता देने, पत्रकारों की पेंशन आयु राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर कम करने, एक ही परिवार के दो पत्रकारों में से एक की पेंशन काटने के नियम को वापिस लेने, राज्य सरकार द्वारा 14 नवंबर 2023 को जारी की गई अधिसूचना में लगाई गई नाजायज शतार्े को वापिस लेने, पत्रकारों के टोल टैक्स माफ किए जाने पर चर्चा की।





भिवानी। पूर्व विधायक शशि रंजन व विधायक घनश्याम सर्राफ के पुत्र अमन सर्राफ को सम्मानित करते हुए।



भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

### पराशर की मनाई प्रथम बरसी

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की प्रान्तीय कमेटी व जिला कमेटी के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा की अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय चिड़ियाघर रोड में हुई, जिसमें पूर्व राज्य प्रधान शिवकुमार पराशर की प्रथम बरसी मनाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से पराशर की पत्नी उर्मिला पराशर, पुत्र मनीष पराशर सहित अनेक परिवार के सदस्यों उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मीटिंग को राज्य वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश पूनिया ने संबोधित करते हुए शिवकुमार पराशर के बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### पेंटिंग में आरपीएस स्कूल प्रथम

**चरखी दादरी।** गांव मौडी स्थित सीबीएस मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के लगभग 15 स्कूलों ने भाग लिया। चित्रकला में प्रथम दिव्य ज्ञान दर्शन, दूसरे नंबर पर आर्यन स्कूल व तीसरे नंबर पर आरपीएस दादरी के बच्चों ने प्राप्त किया। जबकि रंगोली प्रतियोगिता मे आरपीएस स्कूल प्रथम, एपीएस दूसरे व भारत पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में 8वीं कक्षा के तहत मुकाबलों में पहला नंबर पर आरपीएस स्कूल, दूसरे पर आर्यन स्कूल की टीम रही। कार्यक्रम की व्यवस्था में सीबीएस परिवार का सहयोग रहा। स्पर्धाओं की अध्यक्षता करते हुए स्कूल प्रबंधक डॉ. सुरेश कुमार सोलंकी ने कहा कि प्रतियोगिता कोई भी हो बच्चों की प्रतिभाओं में निखार आता है। उनके प्रदर्शन में सुधार आता है, ऐसी प्रतियोगिता बच्चे को आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म देती है। प्राचार्य प्रदीप ने सभी टीमों का स्वागत किया, उनकी देखरेख में स्पर्धाओं का संचालन हुआ।

### केआर पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**भिवानी।** केआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया,जिसमें विद्यार्थियों बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में लेखन, गायन, नृत्य आदि विधाओं में करीबन 30 विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी की, जिन्हें बाद में स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमरलाल मंदिर के पंडित कृष्ण पारीख ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभाओं में निखार आता है। प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढकर भागीदारी लेनी चाहिए।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** सुभाष चौक स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल निदेशक डॉ. सुभाष जैन ने की। गतिविधियों का संचालन मुख्याध्यापिका अर्चना शर्मा ने करवाया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न आयोजित प्रतिस्पधाअरं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी सचिन, पूर्वा, दीपांशी, खुशबू, अंश, नकुल, आकाश, केशव, प्रिया, देवांश, सारांशी, बरखा, आयशा, गरिमा, दीपिका, परी, अंश, सम्राट, अथर्व, तरशीष और रूहानी इत्यादि को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का सबसे अनमोल आभूषण है, हमें अपने अध्ययन के माध्यम से यहीं कोशिश करनी चाहिए।



### करणी सेना के स्थापना दिवस को सफल बनाने में जुट जाए युवाः दीपक

**भिवानी।** करणी सेना के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कोर समिति की बैठक 28 व 29 दिसंबर को सोहना में आयोजित की गई। बैठक में कोर समिति के 22 राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। करणी सेना युवा शक्ति के राष्ट्रीय महामंत्री भिवानी निवासी दीपक बामल ने भी कोर समिति की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के अंत में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शेफाली नांगल ने कोर समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया।

## आरपीएस में स्कॉलरशिप टेस्ट 31 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। परीक्षा में कक्षा तीसरी से छठी तक ईवीएस, अंग्रेजी, मैथ के 20-20 प्रश्न कक्षा स्तर के आधार पर पूछे जाएंगे ।





महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का भवन।

**स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क**

### सूचना

मैं, संजय पुत्र श्री राम कुमार निवासी महराणा, तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री तनु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ऊर्जावान युवा देश को नई बुलंदियों पर ले जा सकते है : एसडीएम

# विद्यार्थियों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- चार दिवसीय तृतीय सोपान कैंप संपन्न, पांच दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग कैंप का आज

बच्चे देश का भविष्य होते हैं, बाल मन में समाज के प्रति जो छवि अंकित होती है, वह आगे तक बनी रहती है, इसी को ध्यान में रखते हुए छात्रों में जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूकता के बीज बोए जा रहे हैं, ये बात एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा ने कही। एसडीएम भारत स्काऊट गाइड हरियाणा चंडीगढ़ के तत्वावधान में पंडित सीताराम शास्त्री बीएड कॉलेज में आयोजित बेसिक स्काऊट मास्टर ट्रेनिंग कैंप एवं स्काऊट गाइड के तृतीय सोपान कैंप के दौरान बतौर मुख्यतिथि छात्रों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान नागरिकों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण, स्वच्छता व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूकता की अलख जगाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली, जिसे एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली महम गेट, फैंसी चौक, रोहतक गेट से वापस महाविद्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीईईओ संतोष नागर, भूजल वैज्ञानिक सुभाष गोयल एवं बहल बीईओ शिवकुमार तंवर ने शिरकत की। कैंप के दौरान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड्स चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप के गुरप लीडर सागर के नेतृत्व में सदस्यों ने सेवाएं दी। कार्यक्रम में हलवासिया विद्या विहार के विद्यार्थियों ने एसडीएम को पुष्प गुच्छ व गमला भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काऊट नरेश शर्मा, जिला आयुक्त स्काऊट श्रीभगवान शास्त्री, पवन कुमार शास्त्री, आशा गोयल, राकेश रोहिल्ला, हरीश शर्मा, कृष्णा देवी, राजबीर शर्मा, मीनाक्षी, नीलम यादव, रसना, विजय लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।



भिवानी। स्काऊट्स एवं गाइड्स को सम्मानित करते बीईओ शिवकुमार तंवर।

हरिभूमि पाठकों के लिए विशेष सौगात
पंचांग–2024
आज दिनांक 31 दिसंबर 2023 (रविवार) के अंक के साथ


पंचांग मूल्य : रुपये 3.00/–*
*(समाचार पत्र मूल्य के अतिरिक्त)
आज ही वितरक से अपनी प्रति प्राप्त करें।

# सौगात मिली, विकास हुआ फिर भी बदहाल रहा भिवानी

**भिवानी।** 24 दिसम्बर को सिघानी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए 112 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। अभी तक के 9 साल के दौरान राज्य सरकार ने भिवानी जिले में विकासात्मक कार्यों के लिए 13,800 करोड़ रुपये मंजूर कियेए जिसमें से 10,400 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं और शेष परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। इतना ही नही, अकेले लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 3927 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिनमें से अभी 2421 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं और 1500 करोड़ के कार्य पाइपलाइन में हैं।



## शहीद का दर्जा दिलवाने को लेकर आंदोलन

**12 सितंबर:** रोहनात गांव को शहीद का दर्जा व जमीन वापस दिलवाने की मांग को लेकर रोहणात निवासी वेदप्रकाश कटारिया उर्फ वेदसिंह व उसके साथी भूपसिंह ने मिलकर 10 मई 2023 को लघु सचिवालय धरना शुरू किया था। उन्होंने जिला प्रशासन से लगातार मांग की कि उन्हें रोहनात गांव की नीलाम हुई भूमि का रिकार्ड दिया जाए। रिकॉड व मांगें पूरी नहीं होने से आहट होकर 11 सितम्बर की रात को धरनास्थल पर ही वेदप्रकाश ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली थी। उसी दिन से उनका पार्थिक शरीर पोस्टमार्टम के बाद सिविल अस्पताल के मोरचरी हाउस में रखा हुआ था, जिसको लेने से परिजनों ने मना कर दिया था। नौ दिन तक चले आंदोलन के बाद प्रशासन से समझौता हुआ और 20 सितंबर 2023 को अंतिम संस्कार हुआ।

## बदला इतिहास,नई किताबों का हुआ विमोचन

फरवरी माह में शिक्षा बोर्ड ने इतिहास की किताबों का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान छठी व कई अन्य कक्षाओं की इतिहास की किताबों को बदला गया। जिसमें से कुछ पाठों को हटाया गया तो कुछ नए अध्याय जोड़े गए थे। इन पुस्तकों का विमोचन का कार्य शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने किया था।

## अवैध हथियारों का जखीरा मिला




27 दिसम्बर को पुलिस की सीआईए टीम ने गांव नकीपुर के खेतों में बने मकान में छापा मार कर भारी मात्रा में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया। जिसमें 17 पिस्तौल, एक कार्बाइन, 53 कारतूस व 8 मैगजीन शामिल थी। भिवानी में पहली बार हथियारों की इतनी बड़ी खेप मिली। इस पर एसपी डॉ. वरूण सिंगला ने बताया कि आरोपियों ने ये सभी हथियार इंदोर से लाए थे।

## कृषिमंत्री आवास पर पड़ाव डाला



आशा वर्कर यूनियन संबंधित सीटू के आह्वान पर जिलेभर की आशा वर्कर्स 18 अक्टूबर को लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित हुई और लंबित मांगों को लागू करवाने के लिए प्रदर्शन करते हुए कृषिमंत्री जेपी दलाल के सेक्टर-13 स्थित आवास का 24 घंटे का पड़ाव डाला। इस दौरान भारी पुलिस ने बैरिकेट्स लगाकर वर्कर्स को रोकने का प्रयास किया तथा पुलिस व वर्कर्स के बीच आधे घंटे तक झड़पव धक्का-मुक्की हुई। आखिरकार बातचीत करके मंत्री आवास के पास लगते खाली मैदान में वर्कर्स ने अपना 24 घंटे का पड़ाव शुरू किया।

## लोगों की फरियादें सुनीं





**जनसंवाद :** सीएम मनोहर लाल ने अप्रैल में जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। जिले के बड़े गांवों में खुला दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनीं। तीन दिन तक सीएम लाल भिवानी रहे। कलिंगा से अभियान की शुरूआत हुई।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा:** सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है ताकि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

## पानी की कमी का मुद्दा गूंजा

पूरे साल सुंदर ब्रांच नहर पर पड़ने वाले गांवों के किसानों का आंदोलन गूंजा। कभी पानी कम तो कभी सप्ताह में पानी की कटौती को लेकर किसान आंदोलनरत रहे। किसानों ने जनवरी माह में अपना आंदोलन शुरू किया। सुंदर नहर पर किसानों ने धरना दिया। करीब दो से तीन माह तक धरना चला। उसके बाद किसानों ने सीएम मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम में मामला उठाया तो नहर में पानी चला,लेकिन उसके बाद हर माह किसानों को सुंदर नहर के पानी को लेकर आंदोलन ही करना पड़ा।




## खरक को मिला कॉलेज

अगस्त माह में विधायक बिसम्बर वाल्मीकि की बदौलत गांव खरक में महिला कॉलेज की सौगात मिली। हालांकि इस दौरान कॉलेज का अपना भवन नहीं था,लेकिन उसके बावजूद प्राइमरी पाठशाला के कमरों में महिला कॉलेज की कक्षाएं लगाई गई। इस बार दाखिलों की संख्या कम ही रही।



## लोहारू को कन्या कॉलेज के भवन की सौगात



कई वर्षो से लोहारू को कन्या कॉलेज के भवन की दरकार थी। इसी साल के शुरूआत में सरकार की तरफ से 16 करोड़ राशि खर्च करके लोहारू में राजकीय कन्या महाविद्यालय भवन तैयार कराया गया। उक्त भवन का उदघाटन सीएम मनोहर लाल ने किया। अब छात्राएं अपने भवन में बैठकर भविश्य संवार रही है।

## लंकापति को मिली सुरक्षा

पहली बार किरोड़ीमल पार्क में लगाए गए लंकापति रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों की सुरक्षा में पुलिस बल लगाया गया है। पुलिस ने तीनों पुतलों को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। साथ ही पुलिस पुतलों के नजदीक किसी भी व्यक्ति को फटकने तक नहीं दे रही। यहां तक पल.पल की जानकारी शहर थाना प्रभारी ले कर आला अधिकारियों को अपडेट कर रहे है।



## डंपिंग यार्ड को लेकर कई दिन तकरार




लोहारू, दादरी, बवानीखेड़ा व भिवानी का कूड़ा दादरी रोड कूड़ा डंपिंग यार्ड पर डाले जाने के विरोध में चौगामा खाप ने 30 जुलाई 2023 को अनिश्चितकालीन धरना शुरु किया था। चौगामा खाप की पंचायत नगर पार्षद सुभाष तंवर के नेतृत्व में हुई और एक सप्ताह तक अनिश्चिकालीन धरना व आंदोलन चला। इसके बाद 6 सितंबर 2023 को विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया।

## जलभराव की समस्या से छुटकारा



दादरी शहर लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहा था, जिससे निजात दिलाने के लिए जनता धरना प्रदर्शन कर रही थी। इसके बाद अक्टूबर माह में बरसाती पानी की निकासी को लेकर दादरी शहर में युद्ध स्तर पर कार्य शुरू हुआ। पहले चरण में रेस्ट हाउस के पास डिस्पोजल तक पाइप लाइन बिछाई गई। बरसाती पानी निकासी व्यवस्था के तहत ही विश्राम गृह के समीप तालाब की गाद निकालने, समसपुर एसटीपी की सफाई व पानी निकासी को 4600 मीटर की बड़ी पाइप लाइन बिछाने प्रपोजल तैयार किया गया।

## मुआवजे के लिए आंदोलन



सैय गांव में किसानों की जमीन में बिना मुआवजा दिए इंडियन ऑयल तेल पाइप लाइन डालने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न खापों ने सैय गांव की गोशाला में महापंचायत की। महापंचायत में किसानों ने कहा कि किसानों की जमीन में पाइप लाइन डाली जाने से उनके खेत की कीमत आधी से भी कम हो जाएगी तथा किसान उसमें ट्यूबवेल व किसी किस्म का निर्माण भी नहीं कर पाएगा, इसके बावजूद किसानों को सरकार व ऑयल कंपनी द्वारा न्यायोचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा।

## नहीं रहे विस के पूर्व अध्यक्ष छत्तर सिंह



विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष छत्तर सिंह चौहान को श्वास की समस्या होने के चलते परिजनों ने पहले भिवानी के अस्पताल और बाद में रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया। लंबे समय तक वे जिंदगी की जंग लड़ते रहे। परमजीत सिंह मड्डू ने बताया कि उनको पहले हर्ट की समस्या थी।

## क्यूआर कोड लागू किया

जुलाई में शिक्षा बोर्ड ने प्रशनपत्रों पर क्यू आर कोड लागू किया। उसके बाद सितम्बर माह में शिक्षा बोर्ड ने स्पलीमेंट्री परीक्षा में भेजे गए प्रशनपत्रों परक्यूआर कोड लगाया गया। उसके माध्यम से शिक्षा बोर्ड प्रशासन ने परीक्षा में पेपर आऊट करने वाले एक परीक्षार्थी को पकड़ा था। उसके बाद इस व्यवस्था का प्रयोग बोर्ड प्रशासन ने एचटेट की परीक्षा में किया जो कि सफल रही।

## मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर

शिक्षा को विकास की धुरी मानते हुए आज हरियाणा प्रदेश में छात्र.छात्राओं को उत्तम गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने इंटरनेशनल बैकलॉरिएट के साथ शिक्षा मंत्री, कंवर पाल गुर्जर की उपस्थिति में गुरूग्राम के पाथवेज स्कूल में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षर किए। हरियाणा के शिक्षा स्तर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड एवं आईबी बोर्ड के साथ एमओयू को शिक्षा मंत्रीए हरियाणा सरकार ने दी हरी झंडी। इस अवसर पर अति विशिष्ट मुख्य अतिथि कंवर पाल गुर्जर, शिक्षा मंत्री, सरकार रहे।



## पाम के पौधों लगाए



सितम्बर में नप ने शहर के प्रवेश मागारें को सुंदर बनाने के लिए सहारनपुर से पाम के पौधे मंगवाई है। पाम के 600 पौधों की खेप पहुंची है। इतनी ही संख्या में कदम के पौधे भी मंगवाए गए है। उनको भी सड़क किनारे रोपित किया जाएगा। जिससे शहर की सुंदरता को चार चांद लग जाएंगे। इससे पहले नगरपरिषद ने प्रवेश मागारे के फुटपाथों की पहले सफाई करवाई गई है।

## लोहारू में किसान महापंचायत

लोहारू कस्बे के गांव ओबरा में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पूंजीपतियों के हित तथा किसान-मजदूर विरोधी फैसले लेने पर किसानों ने किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह की जयंती पर महापंचायत की। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों ने महापूंजीपतियों से हाथ मिला लिया तथा उन्हीं के हिसाब से नीतियां बनाई जा रही है, जिससे किसान व मजदूरों में भारी रोष है। उन्होंने वर्ष 2024 के चुनाव में राजनीतिक पार्टियों व नेताओं से चुन-चुनकर बदला लेने की चेतावनी दी।



## ई- मार्किंग की व्यवस्था



सितम्बर माह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच ई-मार्किंग के जरिए कराए जाने की नई व्यवस्था की थी। इस तरह की व्यवस्था लागू करने वाला शिक्षा बोर्ड देश का पहला बोर्ड बन गया। हालांकि शुरूआत में तो थोडी सी परेशानी जरूर आई,लेकिन बाद में शिक्षा बोर्ड ने दसवीं व बारहवीं की सप्लेमेंट्री परीक्षा की सभी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच ई-मार्किंग के जरिए करवाई गई।

## सीएमओ ने ओपीडी में किया मरीजों का उपचार



30 दिसम्बर को चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से सीएमओ डा. रघुबीर सिंह शांडिल्य ने कमान से संभाली। दिनभर सीएमओ ओपीडी में मरीजों की जांच करते रहे है। इस दौरान सीएमओ ने ओपीडी विभाग का निरीक्षण भी किया। सीएमओ के अलावा एनएमएच के माध्यम से नियुक्त चिकित्सकों ने भी ओपीडी में पहुंचकर मरीजों की जांच करके उपचार किया।

## नारियल फोड़कर पार्को के नवीनीकरण का किया शुभारंभ



अक्टूबर माह में नारियल फोड़कर नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने वार्ड संख्या एक के सेक्टर.13 स्थित पार्क के नवीनीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ करवाया। अब सेक्टर के पार्क ही नहीं बल्कि शहर का कोई भी पार्क जर्जर नहीं रहेगा। पाकारे् के नवीनीकरण पर हजारों रुपये खर्च किए जा रहे है। नवीनीकरण के तहत पार्क की चारदिवारी, पगडंडियां, झुल्ले, फव्वारे व अन्य कार्य शामिल है। इनके अलावा शहर के अन्य पार्को के सुधारीकरण पर भी लाखों रुपये खर्च किए जा रहे है। इसके बाद उन्होंने रुद्रा कॉलोनी, शिवनगर, विकास नगर, एमसी कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, बृजवासी कॉलोनी तथा डीसी कॉलोनी का निरीक्षण किया।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षो से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पताः 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।